(i) Printed Pages : 4] Roll No. ...............................

(ii) Questions : 9]

**Sub. Code : 0 3 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 4**

# B.A./B.Sc. (General) 4th Semester Examination

# 1047

## HINDI

## (Elective)

## (Same for Shastri Semester-IV)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 90**

नोट :— भाषा शुद्ध और स्पष्ट लिखिए।

1. (क) निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) झरे सुमन बिखरे अक्षत सित<br>
धूप अर्घ्य नैवेद्य अपरिमित<br>
तम में सब होंगे अन्तर्हित,<br>
सबकी अर्चित कथा इसी लौ में पलने दो।

(ii) यह फूल, मोमबत्तियाँ और टूटे सपने, ये पागल क्षण,<br>
यह कामकाज, दफतर, फाइल, उचटा-सा जी<br>
भत्ता वेतन! ये सब सच हैं।

(iii) सो रहा है झोंप अँधियाला
नदी की जाँघ पर;
डाह से सिहरी हुई यह चाँदनी, चोर पैरों से
उझककर
झाँक जाती है।

(iv) और मैं बार-बार नये-नये रूपों में
उमड़-उमड़ कर तुम्हारे तट तक आई
और तुमने हर बार अथाह समुद्र की भाँति
मुझे धारण कर लिया। 5+5=10

(ख) धर्मवीर भारती की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

'क्या पूजा क्या अर्चन रे' कविता का सार लिखिए। 8

2. 'नए मेहमान' एकांकी कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

समुद्रगुप्त का चरित्र-चित्रण कीजिए। 8

3. भारतेंदु युग की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए। 10

4. एकांकी के प्रमुख प्रकार कौनसे हैं ?

**अथवा**

एकांकी के तत्त्वों की समीक्षा कीजिए। 10

5. किन्हीं पाँच टिप्पणियों के हिन्दी रूप लिखिए :

(i) Application may be rejected.

(ii) Call for explanation.

(iii) Agenda of the meeting is put up.

(iv) Clarify the position please.

(v) Keep pending.

(vi) Issue a circular.

(vii) Forwarded and Recommended.

(viii) Order may be Issued.

(ix) Expedite action.

(x) Verified and Found correct. 10

6. निम्न गद्यांश का सार लिखते हुए उचित शीर्षक दीजिए :

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सद्‌वृत्ति का ही नाश नहीं करता बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगत यदि बुरी होगी तो वह दिन प्रतिदिन विनाश की ओर अग्रसर होगा। यदि उसकी संगति अच्छी होगी तो वह उन्नति को गले लगायेगा। बहुत से ऐसे लोग होते हैं जिनके घड़ी भर साथ से भी बुद्धि भ्रष्ट होती है, समय का नाश होता है। बुराई बड़ी शीघ्रता से फैलती है। भद्दी दिल्लगी व फूहड़ गीत जल्दी ध्यान पर चढ़ते हैं। अत: ऐसे लोगों को कभी साथी न बनाओ जो अश्लील, अपवित्र और फूहड़ बातों से तुम्हें हँसाना चाहें। 8

7. पंजाब विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की ओर से डी.ए.वी. कॉलेज मलोट के प्राचार्य को पत्र लिखिए जिसमें सत्र 2016-17 से महाविद्यालय में एम.ए. हिन्दी की कक्षाएँ शुरू करने की अनुमति प्रदान की गई हो।

**अथवा**

सचिव, गृह मंत्रालय पंजाब सरकार की ओर से ज़िलाधीश, श्री मुक्तसर साहिब को लिखे जाने वाले पत्र का प्रारूप जिसमें परीक्षा के दिनों में लाउडस्पीकरों पर पाबंदी लगाने सम्बन्धी सरकारी निर्णय की सूचना दी गई हो। 8

8. किसी **एक** विषय को विस्तार दीजिए :
   (i) मन के जीते जीत है मन के हारे हार
   (ii) समय का महत्त्व
   (iii) राष्ट्रीय एकता 8

9. किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
   (i) धर्मवीर भारती की **दो** रचनाओं के नाम लिखिए।
   (ii) अज्ञेय का पूरा नाम लिखिए।
   (iii) महादेवी वर्मा किस काल की कवयित्री हैं ?
   (iv) धवलकीर्ति किस एकांकी का पात्र है ?
   (v) 'दूर और पास' एकांकी के लेखक कौन हैं ?
   (vi) भारतेन्दु की **दो** काव्य रचनाएँ कौनसी हैं ?
   (vii) द्विवेदी युग की कालावधि का उल्लेख कीजिए।
   (viii) 'टूटा पहिया' किसका प्रतीक है ?
   (ix) 'मैत्री' एकांकी के **दो** पात्रों के नाम लिखिए।
   (x) नयी कविता के **दो** कवियों के नाम लिखिये।
   (xi) निराला किस काव्यधारा से सम्बन्धित हैं ?
   (xii) चक्रव्यूह किसका प्रतीक है ?
   (xiii) डॉ. रामकुमार वर्मा के **दो** नाटकों के नाम लिखिए। 10